# कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ऋषिकेश

फोनः 0135.2430623 फैक्सः 0135.2436623
E-mail: artorishikesh.uk@gmail.com

(4)

पत्रांक /सा0प्रशा0/ऑ0टे0ले0/16 दिनांक 19.04.2016

सेवामें,

अपर परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

**विषयः–ऋषिकेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग लेन व ऑटोमेटेड ड्राईविंग ट्रैक की स्थापना हेतु भूमि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या 1172/नियोजन/13–113/2016 दिनांक 05.04.2016 व 1239/नियोजन/13–101(3)/2016 दिनांक 07.04.2016 का संदर्भ ग्रहण करना चाहें। उक्त के अनुपालन में सादर अवगत कराना है कि कार्यालय द्वारा भारत सरकार के मानकानुसार 1.22 वन भूमि विभाग के नाम हस्तान्तरण करने हेतु दिसम्बर, 2014 में प्रस्ताव वन विभाग को प्रेषित किया गया था। प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून के द्वारा दिनांक 09.12.2015 को उक्त परियोजना हेतु चिन्हित वन भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। निरीक्षणोपरान्त प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग देहरादून द्वारा अपने पत्र संख्या 1533/12–1 देहरादून दिनांक 10.12.2015 के माध्यम से कार्यालय के उत्तर दिशा में खाली पडी वन भूमि को भविष्य में अतिक्रमण होने की दृष्टि से विषयांकित प्रयोजनार्थ हेतु संशोधित प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देश दिये गये थे। उक्त वन भूमि विभाग द्वारा त्रिकोणीय व भूमि के ऊपर बिजली की लाईन होने के कारण उक्त भूमि का पूर्व में ऑटोमेटेड टेस्टिंग लेन (Inspection & Certification Centres) की स्थापना हेतु प्रस्तावित नही की गयी थी तथा मानकानुसार प्रश्नगत प्रोजेक्ट के निर्धारित क्षेत्रफल (लम्बाईXचौड़ाई) के उद्देश्य की पूर्ति नही करती थी।

प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग देहरादून के उपरोक्त निर्देशों के क्रम में कार्यालय की उत्तर दिशा में खाली पडी वन भूमि को पुनः पूर्व प्रेषित प्रस्ताव में सम्मिलित करते हुए **ऑटोमेटेड टेस्टिंग लेन के लिए (136.40x89 Mtr.) के साथ–साथ ऑटोमेटेड ड्राईविंग ट्रैक की स्थापना के लिए (80.x50 Mtr.) तथा शेष भूमि को विभागीय हित में ग्रीनबेल्ट के विकास हेतु विभाग के नाम** हस्तान्तरित करने हेतु कुल क्षेत्रफल 2.02 हे0 वन भूमि का नया प्रस्ताव कार्यालय के पत्र संख्या 169/सा0प्रशा0/ऑ0टे0ले0/16 दिनांक 25.02.2016 के माध्यम से वन विभाग को प्रेषित किया गया है। आतिथि को उक्त प्रस्ताव नोडल अधिकारी/अपर प्रमुख वन संरक्षक, वन विभाग से भारत सरकार को प्रेषित करने हेतु प्रस्तावित है।

भवदीय

(डॉ0 अनीता चमोला)
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी
ऋषिकेश

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. संभागीय परिवहन अधिकारी, देहरादून।

(डॉ0 अनीता चमोला)
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी
ऋषिकेश